मधुबनी में ट्रैफिक डीएसपी को निगरानी विभाग की टीम ने तीस हजार रिश्वत लेते दबोचा


मधुबनी (संसू)। जिला मुख्यालय में पदस्थापित ट्रैफिक डीएसपी सुजीत कुमार चढें निगरानी के हत्थें। निगरानी टीम द्वारा पकड़े गए ट्रैफिक डीएसपी को 30,000/00 रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। इस गिरफ्तारी के बाद जिले भर के सरकारी महकमे मे हरकंम्पसा मच गया। इस से पूर्व 27 अक्टूबर 2016 के दिन निगरानी विभाग की टीम ने जिले के जयनगर अनुमंडल कार्यालय मे बरी कावांई करते हुए दो बरे अधिकारी को दबोचा था। टीम ने तत्कालीन एस डी एम गुलाम मुस्तफा अंसारी एवं डी एस पी चंदन पुरी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। इस दौरान डी एस पी चंदन पुरी के पास से 50 हजार और एस डी एम गुलाम मुस्तफा के पास से 1,लाख रुपए रिश्वत के बरामद हुए थें। एस डी एम एवं डी एस पी की इस गिरफ्तारी को लेकर पुरे बिहार भर मे सनसनी फैल गई थी। ठीक 10 वर्ष बाद 27 अक्टूबर 2026 को निगरानी की कार्रवाई मे 30,000/00 रिश्वत लेते रंगे हाथ ट्रैफिक डी एस पी को पकड़ा जाना काफी शुर्खियां बटोर रही है।



जिले मे इस से पहले भी कई अधिकारी चढ़ चुके है निगरानी के हत्थें। पिछले वर्ष रहिका सी ओ अभय कुमार को 17000/00 एवं नाजिर आदित्य कुमार को 13000/00 रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। इनके द्वारा भारत माला प्रोजेक्ट से संबंधित जमीन रिपोर्ट के नाम पर 1, लाख रुपए की रिश्वत की मांग की जा रही थी। बेनीपट्टी अंचल को रिश्वत के 15,000/00 लेते हुए पकरा गया था। खुटौना थानाध्यक्ष महाकांत सिंह को थाना परिसर से ही 1 लाख रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था।रहिका के तत्कालीन राजस्व कर्मचारी नारायण झा को वर्ष 2014 मे 5000/00 रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था, इस मामले मे हाल के दिनो मे विशेष निगरानी अदालत मुजफ्फरपुर ने 4 साल की सजा सुनाई है।

जन सुराज समर्थित सुरेश प्रसाद राय शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विजयी

दरभंगा (आससे)। दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव का अंतिम परिणाम बुधवार की सुबह घोषित किया गया। इसमें जन सुराज समर्थित उम्मीदवार सुरेश प्रसाद राय ने शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस समर्थित डॉ. मदन मोहन झा को परिषद की इस सीट घोषित परिणाम के राय को 4,088 मत मदन मोहन झा दूसरे स्थान पर रहे। रामदेव राय 1,697 स्थान पर रहे। जदयू उम्मीदवार डॉ. 862 और राजद राउत को 128 मत



पराजित कर विधान पर कब्जा जमाया। अनुसार, सुरेश प्रसाद प्राप्त हुए, जबकि डॉ. 2,977 मतों के साथ माकपा समर्थित मत प्राप्त कर तीसरे एनडीए समर्थित घनश्याम राय को उम्मीदवार कुमर मिले। निर्दलीय उम्मीदवारों में भुवनेश्वर राम को 108, अरुण कुमार झा को 62, शंभूनाथ ठाकुर को 51, सुल्तान अहमद को 26, शिवनारायण प्रसाद को 22, शमशाद अली को 21, संतोष कुमार ईश्वर को 19 और निक्की झा को दो मत प्राप्त हुए।

डिस्लेक्सिया जागरुकता अभियान में निकाली प्रभात फेरी

खानपुर /समस्तीपुर (आससे)। प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालय में डिस्लेक्सिया जागरूकता वास्ते बच्चों के साथ प्रभात फेरी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षा विभाग द्वारा करवाया गया । जिसमे राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय बाहा टेल उर्दूमें विशिष्ट अधिगम दिव्यंगता वाले बच्चों के संबंध मेंसमर्थन एवं जागरूकता के लिए प्रधान शिक्षक अशोक कुमार साहू के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई हर बच्चा है खास सबको मिले समान विकास डिस्लेक्सिया को समझे, बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर दें, गगन भेदी नारा लगाया गया । शिक्षक नेता अशोक कुमार साहू ने बताया कि सीखने की विकलांगता को डिस्लेक्सिया कहते है जिसमे मुख्य रूप से पढ़ने लिखने वर्तनी और शब्दों की ध्वनियों की समझने की क्षमता को प्रभावित करती है इसे बच्चों में समझ विकसित कर बच्चों को आगे बढ़ाया जा सकता है। अभिभावक-शिक्षक सहयोग से वैसे अक्षम छात्र आगे बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर शिक्षक शकील अख्तर अंसारी,परवेज आलम, खुशबू कुमारी,आदिल राहत, फेक्कन, करीना, करिश्मा आदि उपस्थित रहें हैं

जहरीली शराब पीने से मजदूर की दर्दनाक मौत, पुलिस जांच में जुटी

समस्तीपुर (आससे)। जिले के कर्पूरीग्राम थाना क्षेत्र के रामकृष्णपुर में बुधवार की सुबह एक व्यक्ति की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। बताया गया कि उसने सुबह में काम पर जाने के दौरान जहरीली महुआ शराब का सेवन किया था। इसके बाद तबियत बिगड़ने से तत्काल उसकी मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



पुलिस ने महुआ शराब भी जब्त किया है। वहीं, गाछी में महुआ शराब बेचने वाले सभी बदमाश फरार बताए जा रहे हैं। हालांकि, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मृतक की पहचान रामकृष्णपुर के कैलु पासवान के पुत्र बेचन पासवान के रूप में बताई गई है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ-1 सतीश सुमन ने बताया कि कर्पूरीग्राम के रामकृष्णपुर में एक व्यक्ति की मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुई है। एफएसएल एवं डीआईयू की पुलिस टीम द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

मृतक के परिजनों के अनुसार, बेचन पासवान बुधवार की सुबह 6 बजे के आसपास घर से काम के लिए निकले थे।

रास्ते में एक गाछी में महुआ शराब बिक रही थी। जहां उन्होंने महुआ शराब पी और पीते ही उनकी मौत हो गई। उनकी मौत होते ही महुआ शराब बेचने वाले फरार हो गए। वहीं, बेचने पासवान की मौत की सूचना मिलते ही उनके परिजन व ग्रामीण गाछी पहुंचे और उन्हें उठाकर घर ले जाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि जहरीली महुआ शराब पीने से एक की मौत हुई है, उसके सेवन से अन्य लोगों की भी मौत हो सकती है।

ग्रामीणों ने महुआ शराब बेचने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की है। बताया गया कि तीन लोग महुआ शराब बेचने का काम कर रहे थे, जिनकी पहचान हो गई है। पुलिस ने तीन लीटर के करीब महुआ शराब भी जब्त किया है।

गोली लगने से जख्मी युवक के मामले में 24 घंटे बाद भी नहीं हुई प्राथमिकी

समस्तीपुर (आससे)। समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मधुरापुर गांव में मंगलवार की देर शाम अज्ञात बाईक सवार बदमाशों ने गोली बारी कर एक युवक को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। जख्मी युवक को स्थानीय लोगों द्वारा ईलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल कल्याणपुर में भर्ती कराया गया ।जहां डॉक्टर राजकुमार ने जख्मी युवक को जबड़े से गोली निकालकर गंभीर स्थिति में दरभंगा डीएमसीएच रेफर कर दिया गया ।जहां डीएमसीएच में गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया ।जहां जख्मी युवक जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।जख्मी युवक की पहचान मथुरापुर गांव निवासी राजा साहेब के 19 वर्षीय पुत्र रजनीश कुमार के रूप में हुई है। जिस मामले में पुलिस ने 24 घंटे के बाद भी प्राथमिक दर्ज नहीं हो पाया है ज्ञात हो कि जख्मी युवक गंडक नदी के तटबंध से होते हुए अपने घर वापस जा रहा था। जहां अज्ञात बाईक सवार तीन बदमाशो ने युवक ने जबरन रोककर बाता बाती करने लगा ।कहां सुनी के क्रम में ही शमशान बाहा के समीप जख्मी युवक को मुंह में गोली मार कर जख्मी कर दिया गया। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। लोगों की माने तो जख्मी युवक को एक गोली जबड़े में जाकर फंस गया। घटना मंगलवार की देर शाम बताया जा रहा है।पुलिस सूत्रों की माने तो गोलीबारी की घटना में एक संदिग्ध युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार रावत ने बताया कि जख्मी युवक के परिजन द्वारा आवेदन नहीं मिला है। वैसे पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जल्द ही खुलासा कर लिया जाएगा।

अभाविप की आज अराजकता रोको, लोकतंत्र अपनाओ रैली में पटोरी अनुमंडल के छात्र-छात्राएं भाग लेगें

मोहनपुर(समस्तीपुर)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की ओर से बुधवार को जीएमआरडी कॉलेज परिसर में मोहनपुर, पटोरी एवं मोहिउद्दीननगर इकाई की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मोहनपुर नगर मंत्री विजय कुमार ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 30 अक्टूबर को पटना में आयोजित होने वाली 'अराजकता रोको, लोकतंत्र अपनाओ' रैली में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करना था। बैठक में मुख्य रूप से अभाविप के प्रदेश सह मंत्री अनुपम कुमार झा उपस्थित रहे। उन्होंने रैली के उद्देश्य एवं उससे जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को रैली के महत्व से अवगत कराया तथा अधिकाधिक संख्या में पटना पहुँचकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। वहीं, मोहनपुर नगर अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण यादव ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने विचार रखे। उन्होंने संगठन की भूमिका, छात्रहित से जुड़े विषयों एवं रैली की महत्ता पर अपनी बात रखते हुए विद्यार्थियों को जागरूक एवं संगठित होकर आगे आने के लिए प्रेरित किया। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती एवं मोहनपुर, पटोरी तथा मोहिउद्दीननगर इकाइयों के विस्तार को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदर्श कुमार ने भी संगठनात्मक विषयों पर अपने विचार रखे। इस बैठक में 30 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। साथ ही बैठक में यह लक्ष्य निर्धारित किया गया कि आगामी 30 अक्टूबर को मोहनपुर क्षेत्र से लगभग 50 से 70 छात्र-छात्राएं एवं कार्यकर्ता पटना पहुँचकर रैली में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

मजरा में आठ लाख नकद व आभूषण गायब, छह लोगों पर आरोप

जाले (दरभंगा) (आससे)। जाले थाना क्षेत्र के मजरा गांव में तिजोरी तोड़कर आठ लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण गायब करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सीतामढ़ी जिले के रुन्नीसैदपुर थाना क्षेत्र के महेशा फरकपुर वार्ड दो निवासी संजीव कुमार सिंह की पत्नी रीमा देवी ने जाले थाने में आवेदन देकर छह लोगों पर आरोप लगाया है। आवेदन के अनुसार, रीमा देवी 16 अक्टूबर को अपनी मां से मिलने मजरा पहुंचीं, तो घर की तिजोरी टूटी मिली। उसमें रखे आठ लाख रुपये नकद, 100 ग्राम सोने और 500 ग्राम चांदी के आभूषण गायब थे। उन्होंने पुपरी थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी दिग्विजय नारायण सिंह उर्फ चुनचुन प्रसाद सिंह, विनोद सिंह, सुशील सिंह, ओम प्रकाश सिंह, जयप्रकाश सिंह सहित छह लोगों पर आरोप लगाया है। रीमा देवी का आरोप है कि आरोपितों ने उनकी मां को पिस्टल सटाकर तिजोरी तोड़ी और नकदी व आभूषण लेकर चले गए।

सेवानिवृत शिक्षिका से झपट्टा मार एक लाख लेकर फरार

समस्तीपुर (आससे)। नगर थाना क्षेत्र के बाइक सवार बदमाशों द्वारा बुधवार दोपहर शहर केई इंटर कॉलेज रोड में एक महिला से एक लाख रुपए की छिनतई किए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़िता ने नगर थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की है। पीड़िता शहर के प्रोफेसर कॉलोनी गली नंबर एक निवासी उर्मिला देवी हैं। वह जितवारपुर चौथ स्थित स्कूल से सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका हैं। घटना के संबंध में बताया गया कि वह शहर के एसबीआई एडीबी शाखा से एक लाख रुपए निकालकर पैदल अपने घर जा रही थीं। इसी दौरान केई इंटर कॉलेज रोड में पीछे से आए हेलमेट पहने बाइक सवार दो बदमाश उनसे रुपयों से भरा पर्स छीनकर फरार हो गए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में जुट गई है। वहीं, दूसरी ओर, मंगलवार को शहर के मगरदही घाट के पास उचक्कों ने एक कपड़ा व्यवसायी को झांसा देकर 10 हजार रुपए मूल्य के कपड़ों से भरा ब्रीफकेस उड़ा लिया। घटना के बाद उत्तर प्रदेश के आगरा निवासी पीड़ित व्यवसायी सुनील अग्रवाल ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। बताया गया कि मगरदही घाट के पास व्यवसायी की कार का टायर पंचर होने पर दो युवकों ने पैसे गिरने का झांसा दिया और उनका ब्रीफकेस लेकर चंपत हो गए।

पूर्व प्रधानाध्यापक राम प्रसाद राय नहीं रहें

मोहनपुर (समस्तीपुर)। प्राथमिक विद्यालय, यादव टोल बघरा के पूर्व प्रधानाध्यापक रामप्रसाद राय का लंबी बीमारी के बाद उनका निधन हो गया। उनके निधन से शिक्षा जगत एवं उनके शुभचिंतकों के बीच शोक की लहर दौड़ गई है।उनका अंतिम संस्कार बुधवार को रसलपुर घाट पर किया गया। वे आज पंचतत्व में विलीन हो गए।मुख्याग्नि उनके पुत्र ने दिया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गयें है। वे करीब 62 वर्ष के थे। इनके तीन पुत्र भूपेंद्र कुमार, मूनचुन कुमार एक और को पीछे छोड़ गयें है। बिहार पंचायत नगर प्रारम्भिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह और बिहार प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड सचिव राजीव कुमार ने राम प्रसाद राय के निधन पर सादर नमन किया है।

शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में हार की समीक्षा कर संगठन मजबूत करेगा जदयू : ईश्वर मंडल

दरभंगा (आससे)। दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद जदयू जिलाध्यक्ष सह दरभंगा ग्रामीण विधायक राजेश कुमार मंडल उर्फ ईश्वर मंडल ने विजयी प्रत्याशियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से नीरज कुमार एवं डॉ. नरेंद्र प्रसाद सिंह तथा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से सर्वेश कुमार सिंह एवं डॉ. एनके यादव की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की। ईश्वर मंडल ने विश्वास जताया कि सभी निर्वाचित प्रतिनिधि शिक्षक एवं स्नातक समुदाय की समस्याओं के समाधान तथा उनके अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए काम करेंगे।



शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मिली हार पर उन्होंने कहा कि हार-जीत लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। पार्टी इस परिणाम की समीक्षा कर कमियों को दूर करेगी और शिक्षकों के बीच संगठन की पहुंच मजबूत बनाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से निराश होने के बजाय नई ऊर्जा और एकजुटता के साथ जनसेवा में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर और बेगूसराय के एनडीए, विशेषकर जदयू पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की भूमिका की सराहना की। साथ ही आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए अभी से संगठित प्रयास करने पर जोर दिया।

विदेशी शराब बरामद

समस्तीपुर (आससे)। समसतीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के खजुरी गांव में एक पोल्ट्री फार्म के नजदीक से विदेशी शराब को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि खजुरी गांव स्थित एक पोल्ट्री फार्म के समीप शराब आने की सूचना मिली ।जहां सूचना मिलते ही पुलिस ने टीम बनाकर छापामारी किया । छापेमारी में एक पिंक अप पर शराब लढा पाया गया। पिकअप सहित शराब को पुलिस ने थाना ले आया ।जिसमें 1708 लीटर विदेशी शराब होने की बताया गया। पुलिस को देखते ही कारोबारी भागने में सफल रहे। वहीं थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार रावत ने बताया कि गाड़ी के कागजात के आधार पर प्राथमिक की दर्ज कर पुलिस आगे के करवाईं में जुट गया है।

बाइक चोरी, दुष्कर्म व अपहरण के तीन आरोपितों की अग्रिम जमानत खारिज

दरभंगा (आससे)। जिला न्यायालय ने अलग-अलग आपराधिक मामलों में तीन आरोपितों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। इनमें बाइक चोरी, महिला का वीडियो बनाकर दुष्कर्म तथा गलत नीयत से लड़की के अपहरण के मामले शामिल हैं। लोक अभियोजक अमरेंद्र नारायण झा ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शर्मा की अदालत ने मब्बी थाना कांड संख्या 135/25 में बाइक चोरी के आरोपित मधुबनी जिले के कलुआही निवासी अमित कुमार सहनी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। वहीं, एडीजे प्रथम नीरज कुमार की अदालत ने महिला थाना कांड संख्या 151/26 में आरोपित मदारपुर निवासी चंद्र प्रकाश महतो की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की। उस पर एक महिला का वीडियो बनाकर दुष्कर्म करने का आरोप है। इधर, एडीजे आदिदेव की अदालत ने भालपट्टी थाना कांड संख्या 85/26 के आरोपित रौशन पासवान उर्फ रौशन कुमार की अग्रिम जमानत याचिका भी खारिज कर दी। उस पर गलत नीयत से एक लड़की के अपहरण का आरोप है।लोक अभियोजक ने बताया कि अब संबंधित आरोपित जमानत के लिए पटना उच्च न्यायालय जा सकते हैं अथवा संबंधित न्यायालय में आत्मसमर्पण कर सकते हैं।

कवच परियोजना के तहत बच्चों को बाल सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

मनीगाछी (दरभंगा) (आससे)। कवच परियोजना के तहत बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के सरकारी एवं निजी विद्यालयों में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बच्चों को पॉक्सो कानून, नालसा की योजना और बाल अधिकारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कवच परियोजना की प्रखंड समन्वयक बबिता कुमारी ने बच्चों को गुड टच और बैड टच के बीच अंतर समझाया। उन्होंने कहा कि किसी भी असहज स्थिति में चुप रहने के बजाय अपने अभिभावक, शिक्षक या किसी भरोसेमंद व्यक्ति को इसकी जानकारी देनी चाहिए। बच्चों को बाल यौन अपराधों से संरक्षण के कानूनी प्रावधानों और सहायता योजनाओं से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक कर उन्हें सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित करना था।



राज्य स्तरीय विद्यालय बालिका फुटबाल प्रतियोगिता की तैयारियों का एसडीओ सदर ने लिया जायजा

समस्तीपुर (आससे)। राज्य स्तरीय विद्यालय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता (अंडर-14, 17 एवं 19) की तैयारियों को लेकर बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने आरबीएस इंटर विद्यालय के प्रांगण में स्थित खेल भवन एवं व्यायामशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य वार्षिक विद्यालय खेल कार्यक्रम 2026-27 के अंतर्गत आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारियों का जायजा लेना था। यह प्रतियोगिता खेल विभाग, बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के तत्वावधान में 01 नवंबर 2026 से 06 नवंबर 2026 तक समस्तीपुर जिला में आयोजित की जाएगी।



जिला स्तरीय युवा उत्सव की कविता लेखन प्रतियोगिता में अतुल मिश्र द्वितीय

दरभंगा (आससे)। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार तथा जिला प्रशासन, दरभंगा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 30वें जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 की कविता लेखन प्रतियोगिता में युवा कवि अतुल कुमार मिश्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



उनकी इस उपलब्धि से जिले के साहित्यिक जगत में हर्ष का माहौल है।इस अवसर पर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चंदन कुमार तथा निर्णायक मंडल के सदस्य पूर्व संकायाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र नारायण सिंह एवं ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश कुमार उत्पल ने अतुल कुमार मिश्र को पुरस्कार चिह्न एवं पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया।जाले प्रखंड के मुरैठा गांव निवासी अतुल कुमार मिश्र कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में वरिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यरत डॉ. रविन्द्र कुमार मिश्र के ज्येष्ठ पुत्र हैं। उनकी सफलता पर समाहार मंच के अध्यक्ष अखिलेश चौधरी, सचिव अमिताभ सिन्हा, डॉ. प्रतिभा स्मृति, भारती रंजन, डॉ. चंद्रमोहन पोद्दार, डॉ. राजकुमार भारती, डॉ. हीरालाल सहनी, कुमार अनुराग, रीतू प्रज्ञा एवं मुकेश झा सहित अनेक साहित्यकारों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मैथिली खंड काव्य 'श्रीकृष्णार्जुन संग्राम' का लोकार्पण

दरभंगा (आससे)। मैथिली के चर्चित साहित्यकार डॉ. जयप्रकाश चौधरी जनक रचित मैथिली खंड काव्य 'श्रीकृष्णार्जुन संग्राम' का बुधवार को विद्यापति सेवा संस्थान के सभागार में लोकार्पण किया गया।



महात्मा गांधी शिक्षण संस्थान द्वारा प्रकाशित इस कृति का लोकार्पण डॉ. बैद्यनाथ चौधरी बैजू, डॉ. ओमप्रकाश, पं. कमलाकांत झा, विवेकानंद झा, डॉ. एडीएन सिंह, वरिष्ठ पत्रकार विष्णु कुमार झा एवं मुखिया महेश झा सहित अन्य अतिथियों ने किया। इस अवसर पर डॉ. बैजू ने कहा कि मिथिला में कृष्ण-अर्जुन संवाद की परंपरा प्राचीन काल से लोकजीवन और संस्कारों में विद्यमान है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह कृति भी जनक की अन्य रचनाओं की तरह पाठकों के बीच लोकप्रिय होगी।पं. कमलाकांत झा ने कृष्ण-अर्जुन संवाद को सत्य, न्याय और भक्ति की विजय का प्रतीक बताया। डॉ. ओमप्रकाश ने इसे मिथिला की पुरातन सांस्कृतिक परंपरा का संवाहक, जबकि डॉ. एडीएन सिंह ने मैथिली के भक्ति एवं नीति साहित्य को समृद्ध करने वाली रचना बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार मणिकांत झा ने की। प्रो. जीवकांत मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस दौरान आकाशवाणी दरभंगा के कलाकारों ने मणि श्रृंखला में प्रकाशित पुस्तकों से गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी। मौके पर अनेक साहित्यकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

छठ महापर्व के पूर्व जिले की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का सख्त निर्देश

मधुबनी (आससे)। लोक आस्था, श्रद्धा, भक्ति एवं सूर्योपासना का महापर्व छठ के अवसर पर छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित एवं सुचारु आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने जिले की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का निर्देश दिया है। इसको लेकर जिला पदाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यकल्प अभियान की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंडों में प्रखंड नोडल पदाधिकारियों को संबंधित विभाग के कनीय अभियंता अथवा सहायक अभियंता के साथ समन्वय स्थापित कर सड़कों की स्थलीय जांच करने तथा उसकी स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या–02, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–35 वर्ष 2026–27
(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको / ख्याति प्राप्त फर्मों / कम्पनियों से दिनांक **04.11.2026** के अपराह्न 3.00 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.30 बजे अपराह्न मे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मूल्य (रुपये में) – प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या–02, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्प्यूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

Sl No.	Name of Work/Specifiation
01-	Supply of Different Material For 01 Anney Marg, Patna for the Year 2026-27.
02-	Supply of Miscellaneous Materials For 01 Anney Marg and CM Sectt., Patna for the Year 2026-27.

- कार्य समाप्ति की अवधि :– 15 दिन।
- सक्षम पदाधिकारी के निर्देशन में ही सामानों की आपूर्ति की जानी है तथा आपूर्तिकर्त्ता को आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान की प्रक्रिया की जाएगी।
- विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR- 014210 (B C D) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 02, पटना।

बिहार सरकार
समाहरणालय, नवादा
(मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग)
अल्पकालीन आम नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवादा जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों / उत्पादवादों में राज्यसात किये गये निम्नलिखित वाहनों को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् आम नीलामी (Public Auction) क्रमशः दिनांक **13.11.2026, 20.11.2026, 26.11.2026** को समाहरणालय, नवादा में 11:00 बजे पूर्वाहन से की जायेगी। नीलामी योग्य वाहनों की सूची निम्नवत है :–

क्र. सं.	थाना का नाम	थाना काण्ड संख्या	वाहन का प्रकार	निबंधन संख्या	निबंधन का वर्ष	इंजन संख्या	चेचिस संख्या	मूल्यांकित राशि	अग्रधन की राशि	वाहन की अवस्थिति	वाहन मालिक का विवरणी
01	गोविन्दपुर थाना	63/25	GLAMOUR MOTORCYCLE	DL4SCB/ 2380	1-Jun-12	JA06EJCG F16344	MBLJA06ACC GF162263	10000.00	1000.00	गोविन्दपुर थाना	मंजीत कुमार सिंह, पिता– शंभु नाथ सिंह, ग्राम–बी 3/163 व्लॉक बी 3 विजय इनक्लेभ, थाना– नई दिल्ली, (दिल्ली)–110045

1.विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अधीक्षक मद्य निषेध, नवादा से सम्पर्क किया जा सकता है nawada.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।
विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR- 014218 (EXCISE) 2026-27 नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
(कृते समाहर्त्ता, नवादा)
अधीक्षक मद्यनिषेध, नवादा।